6010(E)
29/8/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 29/08/2026 को सम्पन्न परिवाद समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, अररिया अन्तर्गत Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-19B/Araria कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद पर विभागीय पत्रांक–2217(E) दिनांक–01.04.2026, पत्रांक–2360(E) दिनांक–09.04.2026 एवं विभागीय ज्ञापांक–5625 (E) दिनांक–17.08.2026 द्वारा गठित समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री अभिषेक पलासिया, संयुक्त सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री राजेश कुमार गुप्ता, मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–13.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही, जो उपभागीय ज्ञापांक–1348 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित है, में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1407(अनु०) दिनांक–24.08.2026 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–24.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या | : | Long Term Output and Performance Based Road Assets Maintenance Works Under OPRMC-III Package No.-19B/Araria |
| 2.2 | योजना मद | : | 3054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, अररिया। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹21467.48 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–3247(एस०) दिनांक–12.05.2026 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹25649.90 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–910 (अनु०), दिनांक–24.05.2026 |
| 2.6 | ECV/परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹23597.54599 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 84 (Eighty-four) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (MBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 03.07.2026 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 11 (ग्यारह) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Arihant Contractors Private Limited
(2) M/S Ganesh Ram Dokania
(3) M/S Sri Ram Enterprises.
(4) M/S Topline Infra-Projects Private Limited
(5) M/S Kamac Engineers Pvt Ltd
(6) Bhartia- Barhonia (J.V.)
(7) M/S JKM Infra Projects Limited
(8) M/S Kailash Prasad Yadav Constructions Private
(9) Vasu Enterprises
(10) Barbrik Project Ltd.
(11) Avednex Private Limited

4. उपभागीय ज्ञापांक–1348 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में कुल 11 (ग्यारह) निविदाकारों में से 06 (छः) निविदाकार यथा (1) Arihant Contractors Private Limited (2) M/S Sri Ram Enterprises (3) M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd (4) Bhartia- Barhonia (J.V.) (5) M/S Kailash Prasad Yadav Constructions Private एवं (6) Vasu Enterprises को तकनीकी बीड में सफल घोषित किये गये। 04 (चार) निविदाकार यथा (1) M/S Ganesh Ram Dokania को MBD के Section 3, Clause 2.2.2 एवं 1.2.1(b) (2) M/S Topline Infra-Projects Private Limited को MBD के Section 3, Clause 1.2.3 एवं Clause 1.2.1(a) (3) M/S JKM Infra Projects Limited को MBD के Section 3, Clause 2.2.1, Clause 2.2.2 एवं Clause 1.2.1(a) (4) Barbrik Project Ltd को MBD के Section 3 Clause 2.6 तथा NIT की कंडिका 28 के तहत निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित किया गया तथा 01 (एक) निविदाकार Avednex Private Limited द्वारा e-proc 2.0 में वांछित कागजातों के विरूद्ध केवल GST रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ Upload किया गया तथा EMD के भी कागजात निविदा में नहीं Upload किया गया है फलस्वरूप इनके निविदा को अमान्य किया गया।

उक्त के आलोक में निविदाकार (1) M/S Ganesh Ram Dokania से दिनांक–14.08.2026, (2) M/S Topline Infra-Projects Private Limited से दिनांक–15.08.2026, (3) Kamac Engineers Pvt. Ltd से दिनांक–17.08.2026 एवं (4) M/S JKM Infra Projects Limited से दिनांक–17.08.2026 को ई–मेल के माध्यम से उपभागीय कार्यालय में परिवाद समर्पित किया गया है।

5. उपभागीय ज्ञापांक–1348 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा (1) M/S Ganesh Ram Dokania के पत्रांक–शून्य दिनांक–14.08.2026 (2) M/S Topline Infra-Projects Private Limited के पत्रांक–TIPPL/640/2026 दिनांक–15.08.2026 (3) M/S JKM Infra Projects Limited के पत्रांक–JKM/PAT/INBR/SIM/CE/2026/820 दिनांक–17.08.2026 एवं सफल निविदाकार (1) Kamac Engineers Pvt. Ltd के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 द्वारा उपभागीय कार्यालय में परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1407(अनु०) दिनांक–24.08.2026 द्वारा परिवाद पर दिनांक–24.08.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में असफल निविदाकार (1) M/S Ganesh Ram Dokania के पत्रांक–शून्य दिनांक–14.08.2026 (2) M/S Topline Infra-Projects

Private Limited के पत्रांक–TIPPL/640/2026 दिनांक–15.08.2026 (3) M/S JKM Infra Projects Limited के पत्रांक–JKM/PAT/INBR/SIM/CE/2026/820 दिनांक–17.08.2026 एवं सफल निविदाकार (1) Kamac Engineers Pvt. Ltd के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 द्वारा सफल निविदाकार Vasu Enterprises के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया गया है।

परिवाद / आपत्ति की समीक्षा :–

| | परिवाद / आपत्ति | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवाद की समीक्षा एवं निर्णय / अनुशंसा | परिवाद समिति की अनुशंसा |
|---|---|---|---|
| 1 | **M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd**<br><br>Pratiwad regarding the technical bid submitted by **M/s VASU ENTERPRISES** for **mention this Packages**<br><br>As per the tender conditions, the bidder is required to disclose **all existing commitments/ongoing works – Financial Requirements for Current Contract Commitments including monthly financial requirements**,- Bidders (or each Joint Venture partner) should provide information on their current commitments on all contracts that have been awarded, or for which a letter of intent or acceptance has been received, or for contracts approaching completion, And non-disclosure of ongoing works makes the bid **Technically Non-Responsive**.<br><br>It is submitted that the bidder is associated with the following ongoing EPC project:<br><br>*1.* **"Widening and Strengthening to two lanes with Paved Shoulder of NH 81 from Km 30.250 to 55.400 in the State of Bihar on EPC mode."**, awarded by **Executive Engineer NH Division, Purnea**. Appointment Date: **30.09.2024**; Original Date of Completion 29/09/2025 Actual Completion Date yet not completed as per department portal/website.<br>*2.* **"Reconstruction and Strengthening from km 401.00 Nalhati to km 422.450 Moregram of NH-60 new NH-14", Awarded by Superintending Engineer, N.H. Circle No.-II, P.W. (Roads).**<br><br>Although the construction work was yet not completed/completed the project is | परिवादी निविदाकार से प्राप्त परिवाद के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा संबंधित कार्यपालक अभियंता से कार्य की अद्यतन स्थिति प्राप्त की गयी। कार्यपालक अभियंता, रा०उ०पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के पत्रांक–1061, दिनांक–20.08.2026 द्वारा स्पष्ट किया गया है कि EPC एकरारनामा के तहत कार्यान्वित की गई योजना Widening and Strengthening to two lanes with Paved Shoulder of NH 81 from Km 30.250 to 55.400 in the State of Bihar में संवेदक को एकरारनामित राशि के अनुरुप किये गये कार्यो का पूर्ण भुगतान किया जा चुका है। इसी प्रकार EPC Mode पर कार्यान्वित **Reconstruction and Strengthening from km 401.00 Nalhati to km 422.450 Moregram of NH-60 new NH-14", के संबंध में Govt. of West Bengal, Birbhum, PW (Roads) से दिनांक–24.08.2026 को प्राप्त E-mail के साथ संलग्न पत्र–136, दिनांक–02.05.2025 से स्पष्ट हो रहा है कि कार्य दिनांक–18.09.2023 को पूर्ण हो चुका है।** चूँकि EPC Mode में एकरारनामित राशि में कार्य पूर्ण होने के उपरांत Maintenance अवधि में संवेदक को भुगतान की जाने वाली राशि एकरारनामित राशि के अतिरिक्त रहता है जो | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | presently under the contractual **48-month Maintenance Period**. As an EPC project, the contractor continues to have contractual maintenance obligations and corresponding financial receipt/resource commitments during this period.<br><br>Therefore, the said ongoing maintenance commitment was required to be disclosed in **required as per tender condition**. **If the same has not been disclosed in the submitted FIN-4, it constitutes non-disclosure of an existing contractual commitment and is a material violation of the tender requirement.**<br><br>In view of the above, we request your good office to kindly verify the submitted Form FIN-4 and, if the aforesaid ongoing **construction/maintenance** work has not been disclosed, **declare the bid of M/s VASU ENTEREPRISES as TECHNICALLY NON-RESPONSIVE and reject the same in accordance with the tender conditions.** | Existing Commitment के अंतर्गत नहीं आता है।<br><br>अतः परिवादी निविदाकार का परिवाद अमान्य किया जा सकता है। | |
| 2 | **<u>M/S Ganesh Ram Dokania</u>**<br><br>दिनांक 14.08.2026 को विभागीय बेवसाईट के माध्यम से हमें जानकारी मिली कि वर्णित कार्य से संबंधित हमारी तकनीकी निविदा को MBD के Section 3; Clause-1.2.1 (b) एवं Clause 2.2.2 के आलोक में असफल घोषित कर दिया गया जिसका आधार यह बनाया गया कि कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका के पत्रांक 1414 दिनांक 21.07.2027 द्वारा" Widening & Strengthening of English More to Punsia Road under RCPLWEA Package No. BR03RC029 से संबंधित हमारे एकरारनामा को अनुरक्षण कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में विखंडित कर दिया गया था। इस संदर्भ में हमें कहना है कि उक्त विखंडित एकरारनामा से संबंधित कार्य की समीक्षात्मक बैठक दिनांक 21.07.2026 को प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा online की गयी थी यह बैठक किये गये | विषयगत निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन में निविदाकार M/S Ganesh Ram Dokania को कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बांका के पत्रांक–1414 दिनांक–21.07.2026 द्वारा अनुरक्षण अवधि में संधारित किये जा रहे पथ "Widening & Strengthening of English More to Punsia Road under RCPLWEA Package No.-BR03RC029 में उदासीनता बरतने एवं पथ को अत्यंत खराब स्थिति में रखने के कारण किये गये Rescine के आधार पर असफल घोषित किया गया है। उक्त एकरारनामा विखंडन के पूर्व संबंधित अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा निविदाकार को अनेकों बार मौखिक एवं पत्र के माध्यम से पथ में उत्पन्न विभिन्न Defects को ठीक करने हेतु निदेशित किये जाने की सूचना प्राप्त है। किन्तु निविदाकार द्वारा कोई अभिरुची नहीं लिये जाने के कारण Debar | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | कार्य के भुगतान तथा Maintenance कार्य से संबंधित था जिसमें कार्यपालक अभियंता के कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रधान सचिव महोदय द्वारा उन्हे निलंबन करने का आदेश दिया गया था जिसके क्षुब्ध होकर उसी दिन अर्थात 21.07.2026 को 7.46 रात्रि ही कार्यपालक अभियंता द्वारा बिना हमसे कोई स्पष्टीकरण मागे ही हमारे वर्णित कार्य के एकरारनामा को एकरारनामा की कंडिका 52.2 (c) के तहत अपने पत्रांक 1414 दिनांक 21.07.2026 द्वारा विखण्डित कर दिया जो किसी भी तरह से नियमानुकूल नही माना जा सकता है। साथ साथ MBD के Section 3; Clause 1.2.1 (b) एवं Clause 2.2.2 से स्पष्ट है की Bid Submission Due Date के बाद विभाग द्वारा किसी भी संवेदक को Non Performance के आधार पर disqualify नही किया जा सकता है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, बांका के वर्णित विखण्डन आदेश के विरूद्ध हमने अविलंब अपना अपील (स्पष्टीकरण) दिनांक 22.07.2026 (मेल द्वारा) को अभियंता प्रमुख सह-अपर आयुक्त सह विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग) कार्य प्रबंधन (बिहार, पटना के समक्ष दायर कर दिया था जो आज की तिथि में उनके समक्ष विचाराधीन है जिसमें इस बात का निर्णय होना बाकी है कि अनुरक्षण कार्य की प्रगति के लिए मैं दोषी हूँ या नहीं ऐसी परिस्थिती में वर्णित विखण्डन आदेश के आलोक में मेरी निविदा को असफल घोषित करने का निर्णय किसी भी तरह से न्यायोचित नही माना जा सकता है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि वर्णित कार्य की निविदा हमारे द्वारा दिनांक 03.07.2026 को डाली गयी थी तथा वर्णित विखण्डन आदेश दिनांक 21.07.2026 को पारित किया गया अर्थात यह कहने की आवश्यकता नही रह गयी है कि वर्णित विखिण्डन के आलोक में हमारी वर्णित कार्य की निविदा को असफल घोषित | करने की अनुशंसा विभाग से की गयी है। इस प्रकार निविदाकार M/S Ganesh Ram Dokania का उक्त एकरारनामा MBD के Section 3 Clause 2.2.2 & 1.2.1(b) के अनुसार Record of Poor Performance Such as abandoning the works not properly completing the Contract के अधीन है।<br><br>इस प्रकार निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | करने का निर्णय किसी भी तरह से Clause 2.2.2 के तहत न्यायोचित नही है जबकि वर्णित विखण्डन आदेश के अवलोकन से ही स्पष्ट है कि कार्यपालक अभियंता द्वारा बिना हमसे स्पष्टीकरण माँगे ही हमारे एकरारनामा को विखण्डन कर दिया गया है। | | |
| 3 | **<u>M/S Topline Infra-Projects Private Limited</u>**<br><br>दिनांक 14.08.2026 को विभागीय बेवसाईट के माध्यम से हमें जानकारी मिली कि वर्णित कार्य से संबंधित हमारी तकनीकी निविदा को MBD के Section 3; Clause 1.2.3 एवं Clause 1.2.1 (a) के आलोक में असफल घोषित कर दिया गया जिसका आधार यह बनाया गया कि हमारे द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार में कराये जा रहे कार्यों को Existing Commitment के अंतर्गत नही दर्शाया गया है जाँचोपरांत पाया गया कि इनके द्वारा RWD अंतर्गत कराये जा रहे आठ (08) कार्यों को Existing Commitment में नहीं दशाया गया है। इस प्रकार निविदा में निविदाकार द्वारा Existing Commitment के संबंध में Misleading / False Representation के कारण Commitment की पूर्ण जानकारी नही हो पाती है। वर्णित संदर्भ में हमें कहना है कि कृपया हमारे निविदा कागजातों का बारीकी से अवलोकन करने की कृपा की जाय जिससे आपको स्पष्ट हो जायेगा कि हमनें अपनी निविदा में FORM FIN-4 के सीरियल नं0-11, 12, 15, 16 & 19 में कुल पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्यों जो कि ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित है को दर्शाया है जो निम्नलिखित है:-<br><br>1. MRL 14-NH 131A Murwartal to Kakhanpur Via Jhula and Oxa haji Tola Construction of RCC HL Bridge at CH-10+300 In Muzwar Tal to Lakhanpur Via Jhula and Oxa haji Tola<br>2. Construction of Bridge From-MRL-17/MIRBHITTA To Dhobinia (Masandangi RCC Bridge At, CH 5.200 KM (Package No. BR18P3R105) Under PMGSY-III (Tender Id. 131246)<br>3. MRL 12- Govindpur Chowk to Govindpur Construction of RCC HL Bridge in Govindpur Chowk to Govindpur at CH-0.610<br>4. T-01 NH-131 HAFLA To Pranpur NH-81<br>5. PKG No. BR18P3FDRI | निविदाकार द्वारा विषयगत निविदा में अपलोड किये गये Existing Commitment विवरणी के क्रम सं०–19 में अंकित पैकेज सं०–BR18P3FDR13 दर्शाया गया है, जबकि समिति के संज्ञान में ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत अन्य सात कार्य (BR18P3R28, 35, 40, 41, 47, 54 एवं 56 ) था, जिसे समिति द्वारा निविदाकार के दर्शाये गये कार्यों के अतिरिक्त माना गया। निविदाकार से प्राप्त आपत्ति के फलस्वरुप उपभागीय पत्रांक–1381 अनु०, दिनांक–18.08.2026 के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल किशनगंज–2 के पत्रांक–1905 अनु०, दिनांक–19.08.2026 एवं पत्रांक– 1934 अनु०, दिनांक–20.08.2026 द्वारा वर्त्तमान में निविदाकार के विरुद्ध लंबित कार्यों की जो Detail सूची उपलब्ध करायी गयी है उससे स्पष्ट हो रहा है कि निविदाकार द्वारा निविदा में अपलोड की गई विवरणी के क्रम संख्या–19 पर वर्णित पैकेज सं०–BR18P3FDR13 वस्तुतः एकरारनामा संख्या है, जिसके अंतर्गत उपरोक्त वर्णित विभिन्न पैकेज संख्या के कुल सात कार्य समाहित हैं।<br><br>अतः निविदाकार की आपत्ति को मान्य किया जा सकता है। | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | इस संदर्भ में हमें पुनः कहना है कि निविदा डालने की तिथि से लेकर आज तक हमारी कंपनी के पास ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित वर्णित पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्य ही On-going है जिसकी सूचनाहमारे द्वारा वर्णित Format में निविदा में दी जा चुकी है साथ ही साथ वर्णित सभी कार्य से संबंधित सत्यापन की प्रतियाँभी वर्णित निविदा में संलग्न किया गया या लेकिन किस आधार पर आपकी निविदा समिति ने आठ कार्यों की बात कही है हमारे समझ से परे है साथ ही साथ हमें यह भी कहना है कि निविदा निर्णय में आठों कार्यों के नाम की भी चर्चा नही कि गयी है जो पूरी तरह से Vague हैं अर्थात कहने की आवश्यकता नही रह गयी है कि हमारी तकनीकी निविदा को हमारे निविदा कागजातो के बारीकी से अवलोकन किये बिना ही तत्यहीन आधार पर असफल घोषित कर दिया गया जो किसी भी तरह से स्वीकार योग्य नहीं है क्योंकि जब हमारे कंपनी के पास मात्र पाँच एकरारनामा से संबंधित कार्य ही Ongoing है तब किस आधार पर आठ कार्यों की चर्चा निविदा निर्णय में की गयी। अर्थात कहने की आवश्यकता नहीं रह गयी कि हमारी तकनीकी निविदा MBD के Section-3, Clause 1.2.3 एवं Clause 1.2.1 (a) के आधार पर असफल घोषित करने योग्य नही है क्योंकि हमारे द्वारा कोई misleading or false representations in the form, Statements and attachment नही किया गया है साथ ही साथ हमारे पास कार्य के संदर्भ में पर्याप्त बीड कैपेसिटी है। | | |
| 4 | **M/S Jkm Infra Projects Limited**<br><br>1. OBSERVATION [OBJECTION REGARDING CWJC NO. 10469/2026 AND LITIGATION HISTORY / LIT-I It has further been observed by the Technical Bid Evaluation Committee that CWJC No. 10469/2026 dated 23.06.2026, filed against the Department, was not separately mentioned in Litigation History/ LIT-I, allegedly in terms of MBD Section 3, Clause 2.2.1 and Section 4E.5. Clarification: - In this regard, it is respectfully submitted that the dispute forming the subject matter of CWJC No. | निविदाकार, JKM Infra Projects Limited द्वारा वाद CWJC No.- 10469/2026 विभाग के विरूद्ध दिनांक– 23.06.2026 को दायर किया गया है, जिसे Litigation History, LIT-1 में नहीं दर्शाया गया है। **"Since Arbitration and the writ petition is not Connected but indepentent matter and on different forum. It is mandatory to disclose."** इसके अतिरिक्त इनके द्वारा पथ प्रमंडल, आरा में आवंटित कार्य | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा से सहमत। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 10469/2026 is connected with the Kishanganj Arbitration Claim, which had already been disclosed in the Litigation History/ LIT-I submitted by the bidder. The said CWJC is not an independent, unrelated or concealed litigation. It arises out of and relates to the same underlying dispute/arbitration matter and concerns modification/ clarification in relation to the said Arbitration Claim. Therefore, merely because the subsequent CWJC case number was not separately mentioned in LIT-I cannot, in the facts and circumstances of the present case, be construed as willful concealment, suppression of material facts or fraudulent misrepresentation, particularly when the underlying dispute/ arbitration matter had already been disclosed and was otherwise within the knowledge/ records of the Department. There was no intention whatsoever on the part Of M/ s JKM Infra Projects Ltd. to conceal any material fact, mislead the Department or obtain any undue advantage in the tender process. It is further submitted that, if the Evaluation Committee considered the disclosure to be incomplete Or required any clarification regarding the relationship between the disclosed Arbitration Claim and CWJC No. 10469/2026, the same could have been clarified by the bidder, subject to the provisions of the tender document, before arriving at the extreme consequence of disqualification. It is also relevant to submit that the original NIT prescribed 04.06.2026 as the last date for submission of the tender. Subsequently, the Department extended the bid submission deadline from time to time and ultimately fixed the final submission date as 03.07.2026 The documents uploaded by M/ s JKM Infra Projects Ltd. had already been prepared in accordance with the original tender schedule. The documents bear their respective dates and signatures prior to 26.06.2026, and their authenticity can be verified from the documents submitted along with the bid. The subsequent | (BR/SBD /MDR/03/2006-07) में Arbitration File किया गया था, जिसमें वर्ष 2021–22 (In last five years) में इस Arbitration में निविदाकार को Claim Amount Award किया गया है। जबकि MBD के Section-3, Clause 2.2.1 में स्पष्ट अंकित है कि "Information on Litigation history in which the bidder is involved must be attached." के आधार पर नहीं रहने के कारण निविदाकार को Non-Responsive घोषित किया जायेगा।<br><br>निविदाकार द्वारा बताया गया है कि दिनांक– 26.06.2026 के पहले Bid Documents तैयार कर लिया गया था, जिसके कारण उक्त वाद से संबंधित तथ्य Mention नहीं किया जा सका। निविदा की तिथि 03.07.2026 तक बढ़ायी गयी। अतः निविदाकार द्वारा आवश्यक सुधारोपरांत Bid Document Upload किया जाना चाहिए था, जो उन्होंने नहीं किया।<br><br>उपरोक्त तथ्यों के आलोक में स्पष्ट है कि निविदाकार द्वारा Litigation History LIT-1 को Disclose नहीं किया गया है।<br><br>इस प्रकार निविदाकार की आपत्ति को अमान्य किया जा सकता है। | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | extension Of the bid submission date, by itself, should not lead to an adverse inference against documents which had already been duly prepared and uploaded. There was no deliberate intention to suppress, conceal or misrepresent any material information. 2. OBSERVATION/ OBJECTION REGARDING ARBITRATION PROCEEDING IN BR/SBD/MDR/03/2006-07<br><br>The Technical Bid Evaluation Committee has further observed that the Arbitration proceeding relating to BR/ was not disclosed in terms of MBD Section 3, Clause 2.2.1 and Section 4E.5.<br><br>Clarification: In this regard, it is respectfully submitted that the Arbitration proceeding in the said matter has already been concluded and an Arbitral Award has been passed.<br><br>Therefore, the said matter was not treated as a pending/current arbitration proceeding at the relevant time. The non-disclosure of the concluded arbitration as a separate pending litigation item was not with any intention to conceal or suppress any material fact.<br><br>There was no deliberate or fraudulent attempt on the part Of M/ s JKM Infra Projects Ltd. to misrepresent its litigation status or to obtain any advantage in the tender process.<br><br>It is further respectfully submitted that the said concluded arbitration does not, by itself, affect the bidders:<br><br>• technical capacity;<br>• financial capacity;<br>• relevant experience;<br>• bid capacity;<br>• performance capability; or<br>• eligibility to participate in the present tender<br>particularly in the absence of any pending adverse order, departmental debarment, blacklisting or other disqualification arising | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | from the said matter.<br><br>The bidder has not submitted any false certificate or false declaration and has not made any misleading representation with an intention to deceive the Department.<br><br>M/s JKM Infra Projects Ltd. has always maintained transparency in its dealings with the Department and remains fully committed to participating in a fair, transparent and competitive tender process | | |

विषयगत निविदा में शामिल निविदाकार M/S Topline Infra-Projects Private Limited का Existing Commitment दिनांक–13.08.2026 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के समक्ष संपुष्ट नहीं रहने के कारण Bid Capacity की गणना नहीं की गयी थी। वर्त्तमान में निविदाकार का पूर्ण Commitment संपुष्टि के उपरांत Bid Capacity की गणना की गई। निविदाकार M/S Topline Infra-Projects Private Limited की Bid Capacity रु० 1284.99 करोड़ आती है, जो कि वांछित Bid Capacity रु० 235.9755 करोड से अधिक है।

7. **परिवाद की समीक्षा एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–**

अतः वर्णित तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 13.08.2026 को संपन्न बैठक में लिये गये निर्णय में आंशिक संशोधित करते हुए विषयगत निविदा में M/S Topline Infra-Projects Private Limited को निविदा की वाँछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण करने के कारण पूर्व में सफल घोषित छः (06) निविदाकारों के साथ सातवें निविदाकार के रुप में सफल घोषित किया जा सकता है।

8. परिवाद समिति का निर्णय :–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **M/S Topline Infra-Projects Private Limited** के पत्रांक–**TIPPL/640/26** दिनांक–15.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को मान्य/स्वीकार करने का निर्णय लिया गया।

(ii) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **M/S Ganesh Ram Dokania** के पत्रांक–शून्य दिनांक–14.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य/अस्वीकार करने का निर्णय लिया गया।

(iii) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार **M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd** के पत्रांक–शून्य दिनांक–17.08.2026 द्वारा सफल निविदाकार **M/S Vasu Enterprises** के विरूद्ध दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य/अस्वीकार करने का निर्णय लिया गया।

(iv) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार **M/S JKM Infra Projects Limited** के पत्रांक–**JKM/PAT/INBR/SIM/CE/2026/820** दिनांक–17.08.2026 के द्वारा दिए गए परिवाद/आपत्ति को अमान्य/अस्वीकार करने का निर्णय लिया गया।

(v) 03 (तीन) निविदाकार यथा **(1) M/S Ganesh Ram Dokania** को **MBD** के **Section 3, Clause 2.2.2** एवं **1.2.1(b) (2) Barbrik Project Ltd** को **MBD** के **Section 3 Clause 2.6** तथा **NIT** की कंडिका 28 एवं **(3) M/S JKM Infra Projects Limited** को **MBD** के **Section 3, Clause 2.2.1, Clause 2.2.2** एवं **Clause 1.2.1(a)** के तहत निविदा में वांछित न्यूनतम अहर्ता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। शेष 01 (एक) निविदाकार **Avednex Private Limited** द्वारा **e-proc 2.0** में वांछित कागजातों के विरूद्ध केवल **GST** रजिस्ट्रेशन निविदा के साथ **Upload** किया गया तथा **EMD** के भी कागजात निविदा में नहीं **Upload** किया गया है फलस्वरूप इनके निविदा को अमान्य करने का निर्णय लिया गया।

(v) 07 (सात) निविदाकार यथा **(1) Arihant Contractors Private Limited (2) M/S Sri Ram Enterprises (3) M/S Kamac Engineers Pvt. Ltd (4) Bhartia- Barhonia (J.V.) (5) M/S Kailash Prasad Yadav Constructions Private (6) Vasu Enterprises** एवं **(7) M/S Topline Infra-Projects Private Limited** को निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता हैं। तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया।

(vi) उपभागीय ज्ञापांक–1348 दिनांक–13.08.2026 द्वारा संसूचित दिनांक–13.08.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(vii) मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

8.1 परिवाद समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | (राजेश कुमार गुप्ता)<br>मुख्य अभियंता, संविदा प्रबंधन, नीतिगत मामले एवं लेखा परीक्षा,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (अभिषेक पलासिया)<br>संयुक्त सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–148/2026 6010 (E) पटना, दिनांक 29/8/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।